DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 163 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार,05 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत को राहत

### हाईकोर्ट ने दर्ज आपराधिक मामले वापस लेने की अनुमति दी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और बीजेपी के पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों को वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी है।
जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अनुमति दी। सरकार ने जुलाई में ही इन मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अनुमति हेतु याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई।अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश चौधरी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक किसी भी वर्तमान या पूर्व सांसद-विधायक के खिलाफ दर्ज मामले की वापसी





के लिए हाईकोर्ट से अनुमति अनिवार्य होती है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्णय के बाद दाखिल याचिका को अदालत ने स्वीकार कर लिया है और अब ट्रायल कोर्ट में औपचारिक रूप से केस वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
सरकार की ओर से बहस करते हुए चौधरी ने दलील दी कि दोनों नेताओं के खिलाफ दर्ज मामले उनके किसी निजी स्वार्थ से जुड़े नहीं थे। वे सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए जनता की समस्याओं को उठाने के लिए आंदोलन कर रहे थे, इसलिए मामले वापस लेना न्यायोचित है।
एडवोकेट अमन अग्रवाल ने बताया कि मदन दिलावर पर वर्ष 2021 में रामगंजमंडी थाने में दो मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनमें कोरोनाकाल के दौरान जुलूस निकालने, लोगों को एकत्रित करने और राजस्थान महामारी अधिनियम 2020 का उल्लंघन करने के आरोप शामिल थे। दिलावर ने उस समय ऋस्स कार्यकर्ताओं से मारपीट और हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जुलूस व सभा की थी, जिसके चलते ये मामले दर्ज हुए।
वहीं, पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत के खिलाफ 21 नवंबर 2011 को कोटा के सुल्तानपुरा थाने में किसानों की पानी की मांग के समर्थन में हाईवे जाम करने और भीड़ एकत्रित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने वर्ष 2012 में चालान भी पेश कर दिया था।
हाईकोर्ट के आदेश से अब दोनों नेताओं के खिलाफ दर्ज ये मामले औपचारिक रूप से खत्म किए जा सकेंगे। अदालत के फैसले के बाद ट्रायल कोर्ट में मामला वापसी की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

## छोटी बिजोलिया में सड़क हादसा : पिकअप की टक्कर से महिला की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :**

थाना क्षेत्र क्र छोटी बिजोलिया ग्राम में बुधवार शाम सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बदाम देवी (55) पत्नी जयलाल मीणा खेत से अपने घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।
घायल बदाम देवी को तुरंत कस्बा स्थित अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भीलवाड़ा ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।
हैड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया कि बदाम देवी पत्नी जयलाल मीणा निवासी छोटी बिजोलिया की हादसे में मौत हो गई । पुलिस ने पिकअप जब्त कर , शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## कोटा के ट्रांसपोर्ट नगर में बड़ा हादसा टला: राख से भरे टैंकर में अचानक लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बची बड़ी त्रासदी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** अनंतपुरा थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में गुरुवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब करीब 1 बजे खड़े राख के टैंकर में अचानक स्पार्किंग होने से भीषण आग भड़क उठी। पलभर में टैंकर का आगे का पूरा केबिन आग की लपटों में घिर गया और पास में खड़े धान से भरे ट्रक की तिरपाल भी जल उठी। कुछ ही क्षणों में हालात इतने गंभीर हो गए कि आसपास मौजूद ट्रक चालकों और मजदूरों में भगदड़ जैसा माहौल बन गया।
आग फैलते देख धान से भरे ट्रक के चालक ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को तुरंत सुरक्षित जगह ले जाकर खड़ा किया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों ने किसी भी प्रयास को नाकाफी बना दिया।
इसी बीच घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही केवल पाँच मिनट में एक के बाद एक चार फायर ब्रिगेड गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार टैंकर में लगी आग अत्यंत भीषण थी। टीम ने होज पाइप और मॉनिटर से तेज प्रेशर में पानी का छिड़काव कर लगभग 20 मिनट की लगातार मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। घटना स्थल के पास कई





ट्रक खड़े थे और लगभग 300 मीटर दूरी पर पेट्रोल पंप भी मौजूद था। ऐसे में यदि आग कुछ और मिनट फैलती, तो बड़ा विस्फोटक हादसा हो सकता था। छाबड़ा ट्रांसपोर्टर के मालिक सतीश छाबड़ा ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत फायर ब्रिगेड को कॉल किया और समय पर मिली सहायता के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई। अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई, स्थानीय लोगों के सहयोग और ट्रक चालक की सूझबूझ से ट्रांसपोर्ट नगर में एक बड़ी आपदा होने से बच गई।

## पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के सामने फूटा कार्यकर्ताओं का दर्द

### सूचना न मिलने पर जताया विरोध, राजे ने कहा जिम्मेदारी स्थानीय संगठन की

**भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर ।**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के गुरुवार को हुए एक दिवसीय बालोतरा दौरे के दौरान कल्याणपुर में उस समय अप्रत्याशित स्थिति बन गई, जब स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनके सामने ही यह शिकायत कर दी कि उनकी यात्रा की कोई सूचना उन्हें नहीं दी गई।कार्यकर्ताओं की नाराज़गी खुलकर सामने आई और इस पर वसुंधरा राजे को भी प्रतिक्रिया देनी पड़ी।
वसुंधरा राजे के कल्याणपुर पहुंचते ही, स्वागत के बीच कुछ कार्यकर्ता उनके पास आए और कहा आपके आने की हमें कोई सूचना नहीं दी गई। हम अपनी मर्जी से यहां आए हैं। 1996 से पूर्व प्रधान उम्मेदसिंह आराबा के साथ से ही हम बीजेपी कार्यकर्ता हैं। इस पर राजे ने पचपदरा विधायक अरुण चौधरी की ओर इशारा करते हुए पूछा आपने इन्हें बताया नहीं?
विधायक चौधरी ने जवाब दिया सबको सूचना दी गई है। प्रधान और दौलाराम को बताया था। सूचना आगे मंडल अध्यक्ष और प्रधान देते हैं। तभी कार्यकर्ता जगदीश दर्जी बोल पड़े ,वोट आते हैं तब कार्यकर्ताओं की जरूरत पड़ती है।
स्थिति को शांत करते हुए वसुंधरा राजे ने कहा देखिए भैया, जब हम लोग कहीं जाते हैं तो हमारी सूचना जिलाध्यक्ष को जाती है और फिर जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष को



बताते हैं। सभी को व्यक्तिगत सूचना देना हमारे लिए संभव नहीं है। यह जिम्मेदारी संगठन की है। कार्यकर्ता ने दोबारा कहा कि न तो जिलाध्यक्ष और न ही मंडल अध्यक्ष ने उन्हें सूचना दी। इस पर राजे ने मुस्कुराते हुए कहा आप सब क्यों गुस्सा होते हो? और माहौल को सहज बनाने की कोशिश की।
गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बालोतरा में नव-निर्मित संत श्री राजेश्वर भगवान मंदिर के तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने पहुंची थीं। दोपहर करीब 1 बजे उनके कल्याणपुर पहुंचने पर पचपदरा विधायक अरुण चौधरी और सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने उनका स्वागत किया।
इस दौरान उन्होंने स्व. उम्मेदसिंह आराबा की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन किया और कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया।

## बिजोलिया में एसीबीईओ पर महिला कार्मिक ने लगाए गंभीर आरोप, सीडीईओ के आदेश पर रिलीव

### एसीबीईओ पर लगे गलत नज़र, गंदे इशारे, धमकियों और जबरन रिश्ते के प्रयास जैसे आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने कस्बा स्थित पुलिस थाने में रिपोर्ट देते हुए ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में कार्यरत एसीबीईओ पर लगातार गलत नज़र से देखने, गंदे इशारे करने, पीछा करने, घर पहुँचकर दबाव बनाने, जातिगत टिप्पणी करने, प्रशासनिक कार्रवाई की धमकियाँ देने और जबरन रिश्ता बनाने के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।
महिला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह वर्ष 2019 से सीबीईओ कार्यालय बिजोलिया में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। आरोपी , कार्यालय में लगातार उसके आसपास घूमकर अशोभनीय हरकतें करता था और जहां-जहां वह जाती, उसका पीछा करता था। विरोध करने पर आरोपी कहता था कि मेरे पास पावर है, तुम्हें वही करना होगा जो मैं कहूँगा।
महिला ने बताया कि 21 सितंबर को, रविवार होने और कार्यालय अवकाश होने के बावजूद, आरोपी उसके कस्बा स्थित




घर पहुँच गया और दरवाजा खोलने का दबाव बनाने लगा। अकेली होने पर उसने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपी ने फोन कर उसे धमकाना शुरू कर दिया और एपीओ करने की बात कही।
इसके बाद 22 सितंबर को जब वह कार्यालय पहुँची तो आरोपी भड़क गया और उसके पति को उठाने व उनके साथ गलत करने की धमकी दी। महिला ने बताया की, आरोपी ने यहां तक कहा कि उसका भाई पहले हत्याकांड में सजा काट चुका है और यदि उसने बात नहीं मानी तो वह उसके पति को मरवा देगा।
महिला ने यह भी बताया कि 10 अक्टूबर को करवा चौथ के दिन आरोपी उसके पास आया और अशोभनीय टिप्पणी करते हुए कहा कि आज तुम बहुत खूबसूरत (पठाका) लग रही हो और तुम्हें मेरा बनना होगा। आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरन ऑफिस की ओर ले जाने का प्रयास किया, जिससे वह हाथ छुड़ाकर अन्य कर्मचारियों के पास चली गई।
रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी बार-बार जबरन रिश्ता बनाने का दबाव डालता था और जातिगत टिप्पणी करते हुए कहता था कि तुम नीच जाति के लोग हो, तुम्हें फर्क नहीं पड़ेगा, कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। महिला ने बताया कि आरोपी की प्रताड़ना और धमकियों से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और गलत कदम उठाने जैसी स्थिति बन गई है। उसने आरोप लगाया कि आरोपी उसके दलित होने का फायदा उठाकर उसका शोषण करने की कोशिश कर रहा है और उसके तथा उसके पति का जीवन असहज बना दिया है।
इस मामले में हैड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया की महिला की रिपोर्ट प्राप्त हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अन्य कर्मचारियों ने भी की शिकायत**

जानकारी के अनुसार, एसीबीईओ की नियुक्ति के बाद से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अशोक धाकड़, रतनलाल बैरवा और राकेश कुमार भी मानसिक रूप से परेशान किए जा रहे थे। इन कर्मचारियों ने भी अपनी शिकायत सीबीईओ बिजोलिया को दी है।

**विभाग का एक्शन, अधिकारी रिलीव, जांच अधिकारी नियुक्त**

सीबीईओ मालीराम यादव ने बताया कि महिला की शिकायत मिलते ही मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। इसके बाद मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (समग्र) भीलवाड़ा अरुणा गारू के आदेश पर जांच विचाराधीन रहने तक एसीबीईओ को बिजोलिया से रिलीव कर दिया गया है और उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, भीलवाड़ा कर दिया गया है।मामले की जांच शाहपुरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी को सौंपी गई है।

## खेत में दवा छिड़कते समय युवक की मौत



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।

कस्बे में बुधवार देर रात खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय जहरीली गैस के प्रभाव से एक युवक की मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है, जबकि मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया की बनेड़ा निवासी राजू पुत्र रामप्रसाद भोई (28) अपने खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे तुरंत बनेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर बनी रहने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद बुधवार रात करीब 10 बजे राजू ने दम तोड़ दिया। गुरुवार सुबह थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया में सीएमएचओ का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी,स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने गुरुवार को कस्बा स्थित उप जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुए अस्पताल की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण में उन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कई स्वास्थ्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मां वाउचर योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम आदि की प्रगति पर अधिकारियों से चर्चा की और तय लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था, स्टाफ उपस्थिति, ओपीडी, महिला व पुरुष वार्ड, दवा वितरण काउंटर, दवा स्टोर, टीकाकरण कक्ष, प्रसव कक्ष, एक्स-रे रूम, प्रयोगशाला, दंत विभाग और सोनोग्राफी कक्ष का जायजा लिया। कई स्थानों पर गंदे पर्दे, दवाइयों पर जमी धूल-मिट्टी तथा बायो मेडिकल वेस्ट के नियमानुसार निस्तारण में हुई लापरवाही देखकर उन्होंने असंतोष जताया और इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने स्पष्ट कहा कि मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल के प्रत्येक विभाग में निर्धारित मानकों के अनुसार सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ और मरीजों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित उपचार मिले।

उप जिला चिकित्सालय के बाद डॉ. गुर्जर ने बिजौलिया ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने रिकॉर्ड, स्टाफ उपस्थिति और कार्यालय व्यवस्था का परीक्षण किया। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति और लापरवाही पर भी नाराजगी व्यक्त की। सीएमएचओ ने कार्यकारी एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंसार खान, डॉ. मनीष सक्सेना, डॉ. अंजुम सहित एएनएम, एलएचवी और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर सख्ती: पालिका की कार्रवाई में 179 किलो पॉलीथिन बैग जब्त, दुकानदारों से वसूला जुर्माना



भीलवाड़ा फोकस @शाहपुरा।

राज्य सरकार के निर्देशों के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए नगरपालिका प्रशासन ने गुरुवार को शहर के बाजार क्षेत्रों में आकस्मिक कार्रवाई की। पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में दुकानों पर छापेमारी कर कुल 179 किलो पॉलीथिन कैरी बैग जब्त किए गए। साथ ही दुकानदारों से 3 हज़ार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक हेमन्तदत्त पौंडरिक, जमादार विकास घूसर, गंगासागर, कालूलाल, उत्तम घूसर व कुशल सहित पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। टीम ने दुकानदारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए इसकी बिक्री और उपयोग से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। अभियान के दौरान व्यापारियों को समझाइश दी गई कि प्लास्टिक कैरी बैग न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि नियमों के तहत इनका क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। टीम ने ग्राहकों से भी अपील की कि वे बाजार आते समय अपने साथ कपड़े या जूट के थैले लेकर आएँ, जिससे प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान को गति मिल सके।

पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने कहा कि शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि 'प्लास्टिक कैरी बैग त्यागें और पर्यावरण हितैषी थैलों का उपयोग अपनाएं। '

## नागदी नदी में बाइक समेत मिला प्रौढ़ का शव

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



कस्बे में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया , जब हनुमानगेट के पास बहने वाली नागदी नदी में एक प्रौढ़ का शव बाइक सहित पड़ा मिला। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब पुलिया के नीचे शव देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान उमर (51) पुत्र हसन रजाक, निवासी जहाजपुर के रूप में हुई है, जो कोर्ट के बाहर चाय की थड़ी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के मुताबिक उमर बुधवार रात अपनी पत्नी की दवा लेकर बाइक से घर लौट रहा था, लेकिन रातभर घर न पहुंचने पर परिजन चिंतित थे। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों को नागदी नदी में बाइक सहित उमर का शव दिखा, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया।

अस्पताल में परिजनों ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उमर की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए सड़क हादसे में हुई है, जिसके बाद वह नदी में गिर गया होगा।

पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है, और यह पता लगाया जा रहा है कि मामला सड़क दुर्घटना का है या किसी अन्य कारण से यह घटना हुई।

## हरजीपुरा के ग्रामीणों का प्रशासनिक पुनर्गठन पर विरोध ,ग्राम पंचायत बदले जाने से ग्रामीणों में गुस्सा, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।



तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम हरजीपुरा के ग्रामीणों ने प्रशासनिक पुनर्गठन में किए गए बदलाव का विरोध करते हुए गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत पुनर्गठन में हरजीपुरा को बिना किसी जनसुनवाई और भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन किए गलत तरीके से दूसरी पंचायत में जोड़ दिया गया है, जिससे उनकी दैनिक सुविधाओं पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से हरजीपुरा, ग्राम पंचायत गोपालपुरा के अधीन रहा है, लेकिन हाल ही में हुए पुनर्गठन में इसे गोपालपुरा से हटाकर ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा में जोड़ दिया गया। यह निर्णय पूर्णतया अव्यवहारिक है। ग्रामीणों ने बताया कि गोपालपुरा की दूरी हरजीपुरा से मात्र 700 मीटर है, जबकि उमाजी का खेड़ा करीब 5 किलोमीटर दूर है। ऐसे में रोजमर्रा के सरकारी कार्यों के लिए इतना लंबा सफर तय करना उनके लिए समय, श्रम और धन की अनावश्यक बर्बादी होगा।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उमाजी का खेड़ा उनके मुख्य आवागमन मार्ग में नहीं पड़ता और अपेक्षाकृत एकांत क्षेत्र में स्थित है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया की बीती 7 अप्रैल की अधिसूचना में हरजीपुरा को किसी अन्य पंचायत में स्थानांतरित करने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ऐसे में पुनर्गठन का यह निर्णय बिना उचित अध्ययन और जनसुविधा को ध्यान में रखे लिया गया प्रतीत होता है।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि हरजीपुरा को पुनः उसकी पूर्व स्थिति में बहाल करते हुए ग्राम पंचायत गोपालपुरा में ही शामिल रखा जाए, ताकि गांव की भौगोलिक एवं जनसुविधा संबंधी आवश्यकताओं का संतुलन बना रहे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करेंगे ।

## कांस्टेबल भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 दिसंबर को, प्रवेश पत्र जारी




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कांस्टेबल भर्ती 2025 में भीलवाड़ा जिले के सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता और शारीरिक मापतौल परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की यह परीक्षा 10 दिसंबर को ग्रुप केंद्र-प्रथम, सीआरपीएफ, गोल्फ कोर्स रोड, अजमेर में आयोजित होगी।

भर्ती विभाग के अनुसार, शारीरिक परीक्षण में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों के ई-प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। अभ्यर्थी इन्हें डाउनलोड कर परीक्षा की तारीख, समय और स्थान देख सकते हैं।

सभी उम्मीदवारों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, तथा विज्ञप्ति संख्या 1360 बीती 9 अप्रैल के बिंदु संख्या 16 के अनुसार मांगे गए सभी मूल दस्तावेज और उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लानी होंगी। विशेष रूप से, दौड़ परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को राजकीय चिकित्सक द्वारा जारी 'शारीरिक रूप से फिट होने' का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। इसके बिना अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा।

भर्ती विभाग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे प्रवेश पत्र में दिए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचें, ताकि शारीरिक दक्षता परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



## QUICK BITES

### ‘गिव अप’ अभियान : भीलवाड़ा में रिकॉर्ड 2 लाख 24 हज़ार 705 लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित ‘गिव अप अभियान’ जिले में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जिले में अब तक 2 लाख 24 हज़ार 705 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ का त्याग किया है। इसी अभियान के दौरान ई-केवाईसी प्रक्रिया से 76,587 लोग स्वतः एनएफएसए सूची से हटे, जिससे कुल 3 लाख 1 हज़ार 292 अपात्र लाभार्थी योजना से बाहर हुए हैं।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि अपात्र लोगों के हटने से जिले को 2,48,555 पात्र लेकिन वंचित परिवारों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में सफलता मिली है। इससे पात्र श्रेणी के लोगों को खाद्यान्न, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी का लाभ मिल सकेगा, वहीं अपात्र लाभार्थियों पर होने वाला सब्सिडी व्यय भी बचेगा।

‘गिव अप’ अभियान में चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कर्मचारियों, आयकरदाताओं और एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए एनएफएसए लाभ छोड़ा है। अभियान से समाज में व्यापक जागरूकता आई है और बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से ‘गिव अप’ कर रहे हैं।

यह योजना 31 दिसंबर तक संचालित होगी। जिला रसद अधिकारी ने चेतावनी दी कि इस अवधि तक स्वेच्छा से ‘गिव अप’ नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 जनवरी से 30.57 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गेहूँ का मूल्य वसूला जाएगा।

### आईएफएमएस-3.0 की खामियों से परेशान नर्सेज, वेतन-फिक्सेशन अटका; राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने जताया रोष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा :

महात्मा गांधी अस्पताल के नर्सेज पिछले तीन महीनों से वेतन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में आ रही समस्याओं से बुरी तरह परेशान हैं। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने इन मुद्दों को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़ को पत्र सौंपते हुए पीएमओ ऑफिस के अंतर्गत संचालित इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) 3.0 की लचर कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन के अनुसार सिस्टम की गड़बड़ियों का सीधा असर कर्मचारियों की आर्थिक और कार्यगत स्थिति पर पड़ रहा है।

एसोसिएशन ने बताया कि वर्ष 2016 में स्थायी हुए नर्सेज कर्मचारियों के 9 साल के फिक्सेशन को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक बढ़ा हुआ वेतन जारी नहीं किया गया। वहीं, वेतन बिल भी लगातार देरी से बन रहा है और हर माह 10 से 15 तारीख के बीच ही सैलरी जारी हो पा रही है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक प्रबंधन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा, आईएफएमएस 3.0 सही से नहीं चलने के कारण त्र-55 फॉर्म डाउनलोड नहीं हो रहा, जिससे कर्मचारियों की आयकर गणना प्रभावित हो रही है। वहीं सिस्टम फेल होने की वजह से सैलरी स्लिप भी डाउनलोड नहीं हो पा रही, जिसके चलते बैंक और वित्तीय संस्थानों से लोन लेना मुश्किल हो गया है।

जिला अध्यक्ष नारायण लाल माली ने मांग की है कि इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संबंधित कार्यालय कर्मचारियों को तत्काल जयपुर भेजकर उचित प्रशिक्षण दिलाया जाए। उनका कहना है कि समय रहते सिस्टम को ठीक नहीं किया गया तो नर्सेज एसोसिएशन को आगे की रणनीति तय करनी पड़ेगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## नापाखेडा के पास बनास नदी में छलांग के बाद लापता युवक का नहीं मिला सुराग: रातभर अंधेरा और सुबह कोहरे ने रोका रेस्क्यू, एसडीआरएफ का बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) कोटा-अजमेर राजमार्ग पर स्थित गिरवरपुरा नापाखेड़ा गांव के पास बुधवार देर शाम एक बाइक सवार युवक ने अचानक बनास नदी में छलांग लगा दी। पुलिया पर उसकी बाइक खड़ी मिली, वहीं पास में एक महिला की पासपोर्ट साइज फोटो लगा सुसाइड नोट और आधार कार्ड भी बरामद हुआ। दस्तावेज़ों ने पूरे मामले को और ज्यादा गंभीर और संवेदनशील बना दिया।

आधार कार्ड के मुताबिक युवक की पहचान रामलाल रेगर, निवासी भीमपुरा, गंधेर जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सावर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**रात में रेस्क्यू नहीं हो सका, सुबह शुरू हुआ अभियान**

पुलिस ने बताया की नदी में पानी गहरा होने और स्पीड बोट उपलब्ध न होने के कारण बुधवार रात तलाशी अभियान शुरू नहीं किया जा सका। गुरुवार सुबह कोहरा छंटने के बाद एसडीआरएफ टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गुरुवार को पूरे दिन टीमों ने कड़ी मशक्कत के साथ तलाश अभियान चलाया।लेकिन देर शाम अंधेरा बढ़ जाने के कारण अभियान रोकना पड़ा। पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने बताया कि शुक्रवार सुबह होते ही तलाशी फिर शुरू की जाएगी।

**सुसाइड नोट ने खोला पारिवारिक विवाद का राज**

बरामद सुसाइड नोट में रामलाल ने अपने बेटे कृष्णा, जो राजीव गांधी स्कूल अमरवासी में पढ़ता है, का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह छह साल से मानसिक तनाव में था। उसने नोट में अपनी पत्नी, एक अन्य महिला और एक व्यक्ति पर लगातार प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। नोट में तीनों के मोबाइल नंबर भी लिखे हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।

पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के असली कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही किया जा सकेगा।

**तीन दिनों में दूसरी घटना, बढ़ी दहशत**

गौरतलब है कि नापाखेड़ा पुलिया पर तीन दिनों में यह दूसरी आत्महत्या की घटना है। इससे पहले सोमवार को मोतीपुरा निवासी फूल सिंह बैरवा ने इसी पुलिया से नदी में छलांग लगाई थी। उसका शव मंगलवार को एसडीआरएफ टीम ने बरामद किया था।

## गुलगांव में गूंजा भक्ति का महासंगम: सतगुरु कबीर आश्रम में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक धार्मिक उत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) सतगुरु कबीर आश्रम गुलगांव में गुरुवार को वार्षिक धार्मिक उत्सव भव्यता और भक्तिभाव के साथ आयोजित हुआ। सद्गुरु कबीर आश्रम सेवा समिति गुलगांव द्वारा वचन वशे मुळळी मुक्तामणी नाम साहेब के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में यह आयोजन रखा गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु कबीर साहेब की 16वीं वर्षगांठ झांकी और कलश यात्रा के साथ हुआ। गांव की गलियों से निकली शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए।

महंत मांगीदास के सान्निध्य में सद्गुरु कबीर के जीवन दर्शन, सत्मार्ग और प्रेरणादायी विचारों पर प्रवचन हुआ। दोपहर 2 से 5 बजे तक मुख्य चौका आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी गौतम और महंत लाल धागे सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत प्रियदास महाराज और महंत हरिनारायण जी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नीरज चौधरी ने की, जबकि संचालन में जयकिशन कहार का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने 51 हज़ार रुपए का सहयोग प्रदान किया तथा आश्रम के लिए 5 लाख रुपये खुल्ला तिबारा देने की घोषणा की। वहीं महंत लाल धागे सरकार ने भी समिति को 51 हज़ार रुपये भेंट किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में घीसू कहार, विष्णु कहार, ओमप्रकाश कहार, देशराज कहार, किशन कहार, संदीप कहार, राकेश कहार, विनोद कहार, राधेश्याम कहार, सत्यनारायण कहार, जसविंदर सिंह साकरिया, हरीश सिंह राठौड़, महावीर, सत्यनारायण, रविन्द्र सिंह सहित अनेक ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बीगोद में आस्था का महाकुंभ : श्री गोपालजी मंदिर का जीर्णोद्धार व प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी





जिले के बीगोद कस्बे में आस्था और आध्यात्म का अद्भुत वातावरण तब साकार हुआ, जब श्री गोपालजी महाराज मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण उपरांत भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। आयोजन बजरंगलाल मथुरादास वैष्णव द्वारा अभिजीत मुहूर्त में सम्पन्न किया गया।

महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक और मनोहारी जल कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने मंगलगान करते हुए नगर परिक्रमा निकाली और पूरा बीगोद भक्ति के रंग में रंग गया।

नवनिर्मित बेवाण में विराजमान श्री गोपालजी महाराज का विग्रह भक्तों का प्रमुख आकर्षण बना। शोभा यात्रा के दौरान उमड़ती श्रद्धा देखते ही बनती थी और मंदिर पहुंचते ही जय-श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। शुभ मुहूर्त में वेदपाठी आचार्यों के मंत्रोच्चारण के बीच सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया और वैदिक विधानों के अनुसार सम्पन्न प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा भर दी।

दो दिवसीय आयोजन का सबसे ऐतिहासिक क्षण मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापना का रहा। जैसे ही स्वर्ण कलश स्थापित हुआ, पूरा परिसर उत्साह और जयघोष से भर उठा और यह पल बीगोद के लिए गौरव का प्रतीक बन गया।

समारोह में शाहपुरा खान्या बालाजी मंदिर के महंत श्री रामदास त्यागी महात्मा तथा त्रिवेणी धाम के श्री नरोतमदास त्यागी महात्मा का सान्निध्य रहा। दोनों संतों ने समाज को एकता, सेवा, भक्ति और सद्भाव का संदेश देते हुए आशीर्वचन प्रदान किए।

जीर्णोद्धार और प्राण-प्रतिष्ठा के साथ आयोजित द्वि-दिवसीय विष्णुयाग महोत्सव की पूर्णाहुति वैदिक विधियों से हुई। विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने

## विधायक अशोक कोठारी का सेवा दिवस, मानवता को समर्पित रहा कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विधायक अशोक कोठारी के दो वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को दिनभर सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित कर इस मौके को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कोठारी ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है, इसे सार्थक बनाने का मार्ग दया, करुणा और सेवा से होकर ही जाता है।

सेवा दिवस की शुरुआत हरणी महादेव स्थित श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र में जीव-दया कार्यक्रम के साथ हुई, जहाँ उन्होंने उपचाराधीन गौवंश के पास पहुंचकर नवकार मंत्र का जाप किया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इसके बाद वे श्री ओम शांति सेवा संस्थान संचालित वृद्धाश्रम पहुँचे और प्रथम पूज्य गजानन भगवान के दर्शन कर वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया। कोठारी ने कहा कि सेवा और करुणा मनुष्य जीवन का श्रेष्ठ उद्देश्य है। जरूरतमंदों को खुशियां बाँटो अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय, भीमगंज में बच्चों को गर्म स्वेटर और कंबल वितरण का शुभारंभ भी कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इसके उपरांत हरिसेवा धाम में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को कंबल एवं सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जबकि विधायक कार्यालय में 50 दिव्यांगजनों के स्कूटी आवेदन पत्र विधायक मद से दिए जाने हेतु भरे गए।

सेवा दिवस के कार्यक्रमों में सत्यनारायण मूंदड़ा, गजानंद बजाज, एडवोकेट पवन पंवार, रोशन लाल, राधेश्याम सोमानी, रामस्वरूप डाड, रचित राज रांका, विवेक निमावत, सत्यनारायण गूगड, कन्हैयालाल स्वर्णकार, महादेव जाट समेत कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गौभक्त व नागरिक उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा महिला खो-खो टीम को मिला 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक

**भीलवाड़ा जिला संघ के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने रेलवे स्टेशन पर किया सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान राज्य खो-खो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में खो-खो खेल में भीलवाड़ा महिला टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। भीलवाड़ा जिला संघ के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने रेलवे स्टेशन पर सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान



किया टीम में नीरू जाट, कमल जाट, सोनम जाट, काली कीर, कृष्णा शर्मा, चिन्नू कुमारी सेन, काजल धाकड़, भगवती तेली, मीना कुमावत, वर्षा कुमावत, काजल चौहान, कृष्ण शर्मा, खुशबू तेली, प्रीति दरोगा, रीता मीणा, चंदा माली व टीम कोच केसर सिंह बल्ला, सहायक कोच आरिफ मोहम्मद, टीम मैनेजर शांति माली का स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर मदन माली, राजकुमार सुवालका, श्रवण कुमार खटीक, सीताराम बसीटा, जितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा, रामप्रसाद गुवारिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कांस्या चौकी पुलिस ने दिखाई मानवता: मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को नहलाया, नए कपड़े पहनाए

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :**

थाना क्षेत्र की कांस्या चौकी पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक की मदद कर सभी का दिल जीत लिया। चौकी क्षेत्र में बीते दिन एक युवक लावारिस हालत में घूमता हुआ पाया गया, जिसके बाल बिखरे हुए थे और शरीर पर काफी गंदगी जमा थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और युवक की स्थिति देखते ही सहायता





का निर्णय लिया।

एएसआई नरेश सुखवाल के निर्देशन में पुलिसकर्मियों ने युवक को चौकी लाकर पहले नहलाया ,धुलाया, उसके बाल कटवाए और उसे साफ-सुथरे नए कपड़े पहनाए। इसके बाद उसे भोजन भी कराया गया। पुलिस की इस संवेदनशील पहल ने क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया है और ग्रामीणों ने चौकी पुलिस द्वारा किए जा रहे मानव सेवा के प्रयासों की खुलकर सराहना की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मानवीय कदम पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत बनाते हैं। चौकी पुलिस अब युवक की पहचान और उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

**174 रोगियों की हुई आँखों की जाँच, 46 रोगियो के हुए मोतियाबिन्द ऑपरेशन, चयनित रोगीयो को बांटे कम्बल**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा संचालित लायंस आई हॉस्पिटल और अंधता निवारण सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में मंदिर प्रांगण कोटडी भीलवाड़ा में एक विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष पवन पंवार एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि हेमंत कुमार (आरपीएस) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान निस्तारण दल भीलवाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट राजेंद्र कुमार कचौलिया द्वारा सभी चयनित रोगी जिनका



ऑपरेशन हुआ उनको कम्बल वितरण क्लब द्वारा चलाये जा रहे 2100 निःशुल्क कंबल वितरण अभियान के तहत कर कम्बल वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता पवन पंवार ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 174 रोगियों की आँखों की जाँच की गई। लायंस आई हॉस्पिटल में डॉ. अंशु बोरदिया और उनकी टीम द्वारा सभी 62 चयनित रोगियों में से 46 रोगियों के सफल ऑपरेशन किए गए। हॉस्पिटल प्रभारी, लायन जेके बागड़ोदिया एवं एलबी रांका ने बताया कि ऑपरेशन के बाद सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयाँ, निःशुल्क चश्मे और डिस्चार्ज टिकट देकर सम्मान उनको अपने घर के लिए रवाना किया गया। अध्यक्ष पवन पंवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यह आश्वासन दिया कि लायंस क्लब भीलवाड़ा वर्षभर जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। प्रोग्राम का सफल संचालन एडवोकेट ललित सांखला ने किया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल प्रभारी लायन एलबी रांका, लायन रीजन एडवाइजर सुधीर राठी, लायन विनोद जैन, लायन जेपी अग्रवाल, लायन एडवोकेट ललित सांखला सहित सभी लायंस सदस्यों, पदाधिकारियों एवं हॉस्पिटल स्टॉफ का प्रशंसनीय सहयोग रहा।

# महुआ की दो समितियों में 920 यूरिया खाद के कट्टों का वितरण, समितियों के बाहर लगी लंबी कतार

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**

**महावीर वैष्णव**

कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत के बीच किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही खेतों में सिंचाई होने लगी है और इसके साथ ही यूरिया की मांग भी तेजी से बढ़ी है। लेकिन पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध न होने से किसानों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी किल्लत के बीच बुधवार को कुछ राहत तब मिली जब ग्राम सेवा सहकारी समिति में 460 कट्टे और बिजौलिया क्रय-विक्रय सहकारी समिति में 460



कट्टे यूरिया खाद पहुंचे। खाद आने की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह से ही समितियों के बाहर किसानों की भारी भीड़ लग गई। हालात यह रहे कि बिजौलिया समिति के बाहर सुबह-सुबह ही लंबी कतारें बन गई और किसानों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस जाप्ता भी मौके पर मौजूद रहा। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी की मौजूदगी में खाद का वितरण शुरू किया गया।

उपलब्ध स्टॉक सीमित होने के कारण वितरण में भी प्रतिबंध लगाए गए ग्राम सेवा सहकारी समिति में एक राशन कार्ड पर दो कट्टे, बिजौलिया क्रय-विक्रय सहकारी समिति में एक राशन कार्ड पर एक कट्टा वितरित किया गया। हालांकि खाद लेने पहुंचे किसानों की संख्या 920 कट्टों की उपलब्धता से कई गुना अधिक रही, जिसके चलते कई किसान निराश लौटे। किसानों का कहना है कि फसल के महत्वपूर्ण चरण में खाद की कमी उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में शीघ्र पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि फसल संकट से बच सकें। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में किसान पूरे दिन कतारों में खड़े नजर आए।

# उपभोक्ता मंच का बड़ा फैसला: खराब कैरी बैग बेचने पर डी-मार्ट को उपभोक्ता को 5 हज़ार रुपये देने का आदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला उपभोक्ता मंच, भीलवाड़ा ने उपभोक्ता अनामिका सुवालका की शिकायत को सही मानते हुए डी-मार्ट भीलवाड़ा पर कार्रवाई करते हुए दो माह के भीतर 5 हज़ार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। उपभोक्ता ने आरोप लगाया था कि डी-मार्ट से सामान खरीदते समय उसने 6 रुपये में कैरी बैग खरीदा था, जिसकी क्वालिटी बेहद खराब थी और सामान रखते ही बैग फट गया। परिवादी के अधिवक्ता मुकेश सुवालका ने बताया कि कैरी बैग की घटिया गुणवत्ता के कारण उपभोक्ता को असुविधा हुई और यह सेवादोष की श्रेणी में आता है। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और दलीलों का विश्लेषण करने के बाद उपभोक्ता मंच ने माना कि डी-मार्ट द्वारा राशि लेने के बावजूद उपभोक्ता को उपयोगहीन कैरी बैग दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि परिस्थितियाँ स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि विपक्षी (डी-मार्ट) की ओर से सेवादोष हुआ है और परिवादी को अनुतोष मिलना न्यायोचित है। इसके आधार पर डी-मार्ट एवेन्यू सुपरमार्ट लिमिटेड, सेक्टर-4, सुखाड़िया सर्किल, अजमेर रोड, भीलवाड़ा को आदेश दिया गया कि वह उपभोक्ता को कुल 5 हज़ार की राशि दो माह के भीतर अदा करे।

## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में प्रदेश के मंत्रियों का भव्य स्वागत, संगठन मज़बूती व आगामी चुनावों पर हुआ संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में उत्साहपूर्ण और भव्य स्वागत देखने को मिला। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जनजातीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व और महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंत्रियों को विधायक कार्यकाल के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर बधाई भी दी।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मंत्रियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं, और उनके परिश्रम व समर्पण से ही पार्टी आज देशभर में मजबूत आधार खड़ा कर पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह संगठन है जो कार्यकर्ता को नीचे से उठाकर संगठन व सत्ता दोनों में स्थान देती है और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है।

मंत्रियों ने कहा कि संगठन और सत्ता के समन्वय के साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने भीलवाड़ा जिले में चल रहे एसआईआर अभियान में संगठन की सक्रिय भागीदारी और सफल परिणामों की सराहना करते हुए आगामी पंचायतराज एवं निकाय चुनावों में जिले को कांग्रेस मुक्त रखते हुए क्लीन स्वीप का आह्वान किया।

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए जिले में संगठन की गतिविधियों और मजबूती की जानकारी साझा की। महापौर राकेश पाठक ने भी अपने विचार रखे। संवाद कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, अशोक तलाइच, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, मंजू पालीवाल, इमरान कायमखानी, ऋतुशेखर शर्मा, मुकेश चेचाणी, पूर्व सभापति अनिल बल्दवा, प्रदीप चौधरी, सज्जन सुथार, केसर सिंह चौधरी, महेंद्र नायक, सुमित्रा पोरवाल, मीनाक्षी नाथ, मोहिनी माली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान ने किये जरूरतमंद बच्चों को 151 स्वेटर वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान भीलवाड़ा के पदाधिकारियों द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धाकड़ खेड़ी 1 में 151 जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित किये गये। प्रचार मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि सर्दी की अधिकता को देखते हुये संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा धाकड़ खेड़ा के सरकारी विद्यालय में ठण्ड से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। स्वेटर प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे जो देखने लायक थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मून्द्रडा थे। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष महेश जाजू, नवीन झंवर चाँदमल राठी, संतोष शर्मा, शिवलाल शर्मा मौजूद रहे। मंच संचालन वशिष्ठ अध्यापक राधेश्याम व्यास ने किया। अंत में प्रधानाचार्य महोडू रशाद आलम काजी द्वारा संस्थान का आभार प्रकट किया।

### अभिभाषक परिषद चुनाव कार्यक्रम घोषित, 12 दिसंबर को होगा मतदान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :**



**मानव तिवारी।** अभिभाषक परिषद के वार्षिक चुनावों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर और सहायक चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ ने बताया कि परिषद का चुनाव 12 दिसंबर को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 12 दिसंबर तक चलेगी। कार्यक्रम के अनुसार 4 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है , जबकि 5 दिसंबर को सूची में दर्ज आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद 6 दिसंबर को प्रत्याशी फॉर्म का वितरण होगा। 8 दिसंबर नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने और उनकी जांच का दिन निर्धारित किया गया है। 9 दिसंबर को फॉर्म उठाने के साथ-साथ अंतिम प्रत्याशी सूची भी प्रकाशित की जाएगी।

अंतिम चरण में 12 दिसंबर को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान सुमित जोशी, अनिल कुमार धाकड़, पंकज कुमार धाकड़, जसवंत सिंह सोलंकी, रामफूल धाकड़, दीपक कुमार मीणा, ओमप्रकाश धाकड़, पिंकोश धाकड़, सुनील स्वर्णकार, राजू लाल धाकड़ और राकेश धाकड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।